मतदान

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल मतदान होगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है। कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 6 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। कल टीकमगढ़ए दमोहए खजुराहोए सतनाए रीवा और होशंगाबाद सीटों पर मतदान होगा। छतरपुर जिले में मतदान के लिए आज सुबह जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण हुआ और सामग्री को मिलान कर क्रमानुसार चुनाव सम्पन्न कराने पूर्ण उत्साह से अपने अपने मतदान केन्द्र के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। टीकमगढ़ में आज सुबह पॉलीटेक्निक कॉलेज से मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया। मतदान दलों को लेकर जाने वाले वाहनों मे जीपीएस सिस्टम लगाए गए है। कलेक्ट्रेट कार्यालय से वाहनों की मॉनिटरिंग की जा रही है। टीकमगढ लोकसभा सीट पर कुल 18 लाख 27 हजार 760 मतदाता है जो 2 हजार 77 मुख्य मतदान केन्द्र एवं 2 सहायक मतदान केन्द्र पर अपने मतदान का प्रयोग करेगे। सतना लोकसभा क्षेत्र के लिए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में मतदान दलों को सामग्री वितरण का कार्य किया गया। वहीं रीवा सीट के लिए इंजीनियरिंग कालेज से निर्धारित दल अपने मतदान केन्द्र के लिए प्रस्थान कर रहे हैं।

....

प्रचार -पीएम

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी लगातार दूसरे दिन आज मध्यप्रदेश के दौरे पर है। मुरैना में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी है। इससे दूर ही रहना चाहिए। सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।प्रधानमंत्री ने कल सागर हरदा और भोपाल में प्रचार किया था।

....

नामांकन चौथे चरण

प्रदेश में चौथे चरण की 8 लोकसभा सीट देवासए उज्जैनए मंदसौरए रतलामए धारए इंदौरए खरगोन और खंडवा सीट पर

नामांकन भरने का आज आखिरी दिन है। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगीए और 29 को नाम वापस लिए जाएंगे। कल तक 58 प्रत्याशियों ने 83 नामांकन दाखिल किए हैं। अब तक के रुझान के मुताबिक चौथे चरण में 8 सीट पर तीसरे चरण के मुकाबले प्रत्याशियों की संख्या काफी कम रहेगी। तीसरे चरण के लिए 223 नामांकन भरे गए थे जो अब तक के नामांकन की स्थिति में सर्वाधिक थे।

....

चुनाव प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौरए रतलाम में प्रचार कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा मुरैना में ए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान विदिशा में प्रचार कर रहे हैं। उधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट आज उज्जैनए मंदसौर और देवास जिले में लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारीए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा भी उनके साथ हैं।

....

turk dh vkokt&vkdk'kok.kh ds lkFk

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ‘जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे ॅिंजे।चच नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

....

मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम के उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। नर्मदापुरमए भोपालए जबलपुरए इंदौरए उज्जैन समेत कई जिलों के आसमान में घने-काले बादलों के डेरे ने बारिश की संभावना फिर बढ़ा दी थी। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन 25 और 26 अप्रैल को बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान ओले भी गिर सकते हैं। अगले 24 घंटे में भोपालए इंदौरए उज्जैन समेत प्रदेश के 32 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

....

vc d| lekpk! la"k# es %&

- शहडोल जिले में किताबें, ड्रेस और शैक्षणिक सामग्री निर्धारित दुकानों से खरीदने संबंधी दबाव बनाने की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 16 निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है।

....